
# श्राद्ध पक्ष के अंतिम दिन सर्वपितृ अमावस्या पर जलाशयों पर तर्पण व पिंडदान करने पहुंचे लोग



जोधपुर शहर के जलाशयों पर सामूहिक तर्पण करने के लिए लोगों की भीड़ रही।



पाली में महिला मंडल व लोगों ने लखोटिया सरोवर आरती की गई। फोटो-राष्ट्रदूत

**जोधपुर**, (कासं)। श्राद्ध पक्ष के अंतिम दिन सर्वपितृ अमावस्या पर आज जोधपुर शहर के सभी जलाशयों पर सुबह से ही सामूहिक तर्पण करने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। पितरों की आत्मा की शांति के लिए तर्पण व पिंडदान किया गया।

श्राद्ध पक्ष का अंतिम दिन पितरों को विदाई में पंडितों ने सामूहिक पिंडदान व तर्पण करवाया। कायलाना झील, पदमसागर, गुलाबसागर, सिवांचीगेट रामऋषि महाराज आश्रम स्थित जलकुंड, उम्मेद सागर सहित विभिन्न जलाशयों में पितरों की आत्मा की शांति के लिए तर्पण किया।

कायलाना पर भारी संख्या में तर्पण के लिए मौजूद लोगों की सुरक्षा के लिए गोताखोर भी मुस्तैद रहे। तख्तसागर पर गोताखोर भरत चौधरी,रामू, गणेश, शंकर, काना, राजू व चौकी इंचार्ज गणपत सिंह भी मौके पर मौजूद रहे। अल सुबह 5 बजे से तर्पण का सिलसिला शुरु हुआ।

भीतरी शहर में पदमसागर पर सामूहिक तर्पण का आयोजन हुआ। लोगों ने जलाशयों पर अल सुबह से ही तर्पण कार्य किया।

पंडितों ने मंत्रोच्चारण के साथ विधि विधान से तर्पण करवाया। भीतरी शहर में पदमसागर पर सामूहिक तर्पण का आयोजन हुआ। लोगों ने जलाशयों पर अल सुबह से ही तर्पण कार्य किया। पंडितों ने मंत्रोच्चारण के साथ विधि विधान से तर्पण करवाया।

## पितरों की शांति के लिए पिंडदान

धार्मिक मान्यता के अनुसार इस दिन पितरों को अमावस्या पर विदाई दी जाती है। इस दिन तर्पण करना आवश्यक माना गया है।

माना जाता है कि श्राद्ध पक्ष में पितरदेव संसार में अपने परिजनों के आसपास रहते हैं। इस दौरान उनकी आत्मा की शांति के लिए तर्पण, पिंडदान करना शुभ रहता है।

इसी मान्यता के चलते लोगों ने अपने दिवंगत परिजनों के लिए तर्पण किया। घरों में श्राद्ध पक्ष के अंतिम दिन भोज का आयोजन भी किया जा रहा है। श्राद्ध के पंद्रह दिन में अपने दिवंगत परिजनों के लिए भोज का आयोजन नहीं कर पाए उन घरों में आज मामूहिक श्राद्ध किया गया।

## लाखोटिया तालाब पर सरोवर आरती

**पाली**, (नि.सं.)। श्री लखोटिया महिला मंडल की ओर से रविवार को अमावस्या के अवसर पर लखोटिया तालाब में सरोवर आरती की गई।

प्रवक्ता भाग्यवंती गहलोत ने बताया कि अध्यक्ष कमला सोलंकी के नेतृत्व में सरोवर आरती की।

इस दौरान गीता पंवार, मीनू भाटी, रामी परीहार, होनी भाटी, विजिया शर्मा, हंशू वैष्णव, निलम देसाई, लता डाणी, चूंकिया देवड़ा, सुशीला वष्णव आदि मौजूद रही।

इससे पूर्व महिलाओं द्वारा दोपहर 2:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक भजन संध्या का कार्यक्रम हुआ।

इस मौके पर महिलाओं ने माताजी के भैंरुजी, खेतलाजी के भजन गाये। महा आरती के पश्चात प्रसादी का भी आयोजन हुआ।

# मुख्यमंत्री गहलोत ने तनोट माता के दर्शन किए

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। सरहद की रक्षा करने वाली मातारानी तनोट राय के राज्य के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने रविवार सांय जयपुर में होने वाली विधायकों की बैठक से पहले विशेष विमान से आना जाना करके विधि विधान से पूजा अर्चना करके पुजारी से पंचामृत लेकर दर्शन किए और माता का आशीर्वाद लिया।

इस दौरान कांग्रेस जिला अध्यक्ष उम्मेद सिंह तंवर उनके साथ रहे।

ज्ञात रहे कि पूर्व में भी जब जब देश व प्रदेश में राजनीतिक उठापटक हुई है तब तब गहलोत तनोट माता की शरण में आते रहे हैं। रविवार को तनोट पहुंचने पर मुख्यमंत्री ने शहीदों को पुष्पचक्र भेंट कर नमन किया। उसके बाद बीएसएफ के जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। इस अवसर पर जादूगर माने जाने वाले गहलोत ने अपने चिर परिचित लहजे में कहा कि नए मुख्यमंत्री के लिए ऐसे चेहरे को मौका देना चाहिए जो अगले चुनावों में जीत दिला सके, क्योंकि राजस्थान में अगर वापसी करते हैं तो अन्य राज्यों में भी कांग्रेस सत्ता पर काबिज होगी। गहलोत ने कहा मैं चाहे कहीं भी रहूं अंतिम सांस तक राजस्थान की जनता की सेवा करता रहूंगा।

इससे पहले जैसलमेर हवाई अड्डे पर पहुंचने पर संभागीय आयुक्त कैलाशचन्द्र जैन और पुलिस के आलाधिकारी उपस्थित रहे।

स्थानीय एयरपोर्ट पर मंत्री सालेह मोहम्मद ने साफा पहनाकर और जैसलमेर विधायक रूपाराम धनदे ने खादी की विश्व प्रसिद्ध पट्टू शाल ओढ़ाकर स्वागत किया। इस अवसर पर नगरपरिषद सभापति हरिवल्लभ कल्ला द्वारा गहलोत को सूत की माला पहना कर स्वागत किया, परन्तु गहलोत द्वारा सूत की माला कल्ला को ही पहनाकर सम्मान किया।

एयरपोर्ट पर रानजी चौधरी, अशोक तंवर, पूर्व सभापति सुमार खान सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा मुख्यमंत्री गहलोत को सूत की माला पहनानी चाही परन्तु गहलोत द्वारा सभी कार्यकर्ताओं द्वारा लाई गई सूत की माला लाने वालों को ही पहना दी गई।

हवाई जहाज से उतरते ही स्वागत कार्यक्रम के पश्चात तैयार खड़े हेलीकॉप्टर से गहलोत तनोट के लिए प्रस्थान कर गए।

ज्ञात रहे कि गहलोत के जीवन में जब जब खुशी का मौका आया है तब तब उन्होंने सर्व प्रथम तनोट माता के दर्शन कर माता के आशीर्वाद के पश्चात आगे कदम बढ़ाया है। आज तक ऐसा ही देखने में आया है।

जयपुर से तनोट की यात्रा में गहलोत के साथ मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास व पीसीसी अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा मौजूद रहे।

जैसलमेर एयरपोर्ट से प्रस्थान करते समय उनके साथ ही विशेष विमान से मंत्री सालेह मोहम्मद, विधायक रूपाराम, बाड़मेर विधायक मेवाराम भी जयपुर गए हैं।

## जन मंच की विचार गोष्ठी हुई

**जालोर**, (कासं)। जालोर विकास समिति तथा सीनियर सिटीजन फोरम के तत्वावधान में प्रत्येक माह के अन्तिम शनिवार को जालोर जन मंच की ओर से आयोजित की जाने वाली विचार गोष्ठी की की श्रृंखला में प्रसिद्ध युवा कवि व गीतकार राम लखारा विपुल का एकल काव्य पाठ शिवाजी नगर स्थित सीनियर सिटीजन पार्क के ईश्वर लाल शर्मा सभागार में रखा गया।

कार्यक्रम संयोजक परमानन्द भट्ट ने बताया कि धनराज दवे, अध्यक्ष पेंशनर समाज के मुख्य आतिथ्य तथा ऋषि कुमार दवे की अध्यक्षता में गोष्ठी का आगाज गीतकार अचलेश्वर आनन्द ने माँ शारदे की वंदना से किया। राम लखारा विपुल की रचना यात्रा पर चर्चा करते हुए परमानन्द भट्ट ने प्रकृति, प्रेम, संस्कृति और सामाजिक सरोकारों का अदभूत समावेश बताते हुए विपुल को देश के श्रेष्ठ गीतकारों में सम्मिलित किया। गीतकार राम लखारा विपुल ने अपने कविता पाठ का आगाज महाभारत सार नामक रचना से किया, भाव और शिल्प की दृष्टि से उत्कृष्ट रचना में बर्बरीक के माध्यम से महाभारत युद्ध का सजीव वर्णन कर श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर लिया। एक घंटे के काव्य पाठ में उन्होंने नीली साडी पहने तथा प्रिय तुम्हें कैसा लगता है जैसे सुंदर प्रेम गीत प्रस्तुत किये। अदभूत घनाक्षरी, छंदों तथा मुक्तकों पर विपुल को श्रोताओं का भरपूर प्यार मिला। युवा कवि कुलदीप खंडेलवाल की नज्म तथा आबाद अली के मुक्तकों तथा कवि पदमा राम चौधरी के गीतों की भी खूब सराहना हुई।

इस अवसर पर सेवा निवृत अधीक्षण अभियंता बी.एल. सुथार, वेदना मदान, ओमप्रकाश बाहेती, हुक्मीचंद जैन, विजय कुमार दवे, ओमप्रकाश खंडेलवाल, देवेन्द्र कुमार नाग, कुम्भा राम परमार, ईदाराम राव, उम्मेदसिंह चारण, सुरेश माथुर, शराफत राही सहित कई जने मौजद रहे।

# परमवीर मेजर शैतान सिंह प्रेरणा स्त्रोत है : शेखावत



केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत जोधपुर के लोहावट आमला स्थित रामदेव नगर में परमवीर मेजर शैतान सिंह की प्रतिमा स्थल पर पहुंचे।

**जोधपुर**, (कासं)। केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत जोधपुर के लोहावट आमला स्थित रामदेव नगर में परमवीर मेजर शैतान सिंह की प्रतिमा के दर्शन करने पहुंचे।

शेखावत ने परमवीर मेजर शैतान सिंह की प्रतिमा को खंडित संबंधी पूरे मामले की पुलिस अधिकारियो से जानकारी ली।

केन्द्रीय मंत्री शेखावत रविवार को जोधपुर से सुबह जल्दी रवाना होकर आमला के रामदेव नगर पहुंचे और परमवीर मेजर शैतान सिंह की प्रतिमा के दर्शन किए, जिसे बीते दिनों समाज कंटको ने प्रतिमा को नुकसान पहुंचाया था। शेखावत ने स्थानीय निवासियों और पुलिस अधिकारियों से पूरे मामले की जानकारी ली। इस दौरान मंत्री शेखावत ने कहाकि इस घृणित कार्य के पीछे का उद्देश्य सामने आना जरूरी है। मेजर साहब पूरे देश के लिए प्रेरणा हैं। इससे हमारी भावनाएं आहत हुई हैं। साथ ही एक सबक भी मिला है कि हमें अपने महापुरुषों के प्रतीकों को लेकर सजग रहना चाहिए। केन्द्रीय मंत्री शेखावत ने प्रतिमा को खंडित करने की घटना की पुन: कड़ी भर्त्सना की।

## प्रदेश महामंत्री का स्वागत

**फालना**, (निसं)। भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं राजसमंद सांसद राजकुमारी दीया कुमारी का रविवार को भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत सम्मान कार्यक्रम स्वर्ण मंदिर फालना में रखा गया।

इस अवसर पर पूर्व जिला महामंत्री देवेंद्र सिद्धावत,पूर्व मंडल अध्यक्ष भरत त्रिवेदी, जिला महामंत्री जितेंद्र सिद्धावत, अमित मेहता आदि साथ थे।

## रक्तदान शिविर

**रेवदर**, (निसं)। सरवरी युवा फाउंडेशन एजुकेशन ट्रस्ट के तत्वाधान में रेवदर कस्बे में रक्तदान शिविर एवं मेडिकल चेकअप कैंप का आयोजन किया गया।

शिविर में 50 यूनिट रक्तदान हुआ एवं 20० मरीजों की जांच एवं नि:शुल्क दवाई वितरण की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार रक्तदान शिविर में जिला सिरोही के सीएमएचओ राजेश कुमार एवं डॉ मुकेश कुमार, डॉक्टर नरेश कुमार एवं रेवदर सरपंच अजबाराम चौधरी ने रक्तदाताओं की हौसला अफजाई की।


## गौ माता के नाम भजन संध्या

**पाली**, (नि.सं.)। पाली शहर की नई सब्जी मंडी के इतिहास में पहली बार गोवंश को लंपी बीमारी से बचाने के लिए सब्जी मंडी यूनियन की ओर से एक शाम गौ माता के नाम भव्य भजन संध्या का आयोजन हुआ। जिसमें गौ माता के भजन गाने के लिए भजन गायक ओम मुंडेल ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति दी।

जिसमें इन दुनिया में गौमाता भगवान केवीजे उपस्थित गो भक्तों ने गो माता के लिए अपनी हैसियत अनुसार बढ़-चढ़कर दान पुण्य किया। जिसमें सबसे ज्यादा पाली हवेली की गादीपति आशा बाई कुंवर ने सबसे ज्यादा2,61 हजार की राशि आयोजकों हाथों हाथ रोकड़ प्रदान की। जिस पर उपस्थित सैकड़ों लोगों ने मोबाइल की टॉर्च लगाकर उनका अभिवादन किया। नई सब्जी मंडी यूनियन के अध्यक्ष अर्जुन बेनीवाल और ढगलाराम परिहार ने बताया कि इस भजन संध्या में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक ज्ञानचंद पारख पूर्व सभापति महेंद्र बोहरा, पूर्व सभापति पार्षद राकेश भाटी ,रोटी बैंक के अध्यक्ष आनंद कवाड, सचिव लखपत भंडारी सहित मंडी यूनियन के नंदू भाई घांची, भंवर लाल माली, सत्तू भाई, भंवर लाल कीर, गोकुल भाई आदि मौजूद रहे।

मंडी यूनियन की ओर से इससे पूर्व 3 लाख का चंदा कर शहर के विभिन्न जगह पर गौ माताओं को आयुर्वेदिक लड्डू बांटे गए। भजन संध्या से आई राशि भी गौ माता की बीमारी इलाज दवाइयों के लिए काम आएगी।

# एस.एस.सी. अभ्यर्थियों के लिए काउंसलिंग सेमिनार



उत्कर्ष क्लासेस द्वाराजयपुर व जोधपुर में एस.एस.सी. ( सीजीएल ) की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों के लिए काउंसलिंग सेमिनार के साथ ही स्कॉलरशिप टेस्ट आयोजित किए गए।

**जोधपुर**, (कासं)। उत्कर्ष क्लासेस द्वारा रविवार को राजस्थान के 2 बडे शहरों जयपुर व जोधपुर में एसएससी (सीजीएल) की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों के लिए काउंसलिंग सेमिनार के साथ ही स्कॉलरशिप टेस्ट आयोजित किए गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जयपुर के गोपालपुरा बाइपास स्थित हिंडौन हाइट्स एवं जोधपुर के उत्कर्ष कॉम्प्लेक्स में आयोजित इन भव्य सेमिनार में विशेषज्ञों द्वारा हाल ही में जारी सीजीएल परीक्षा की विज्ञप्ति के संबंध में विद्यार्थियों का सटीक मार्गदर्शन किया गया।

इसके अंतर्गत संबंधित परीक्षा के पैटर्न में हुए बदलाव के बारे में संपूर्ण जानकारी प्रदान करते हुए सिलेबस और पैटर्न के आधार पर सफलता प्राप्त करने के मूलभूत तरीकों से अभ्यर्थियों को अवगत करवाया गया।

सेमिनार एवं स्कॉलरशिप टेस्ट में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को एसएससी की संपूर्ण जानकारी वाला ब्रॉशर तथा विगत कई वर्षो के हल सहित प्रश्न पत्र दिए गए।

## विशेषज्ञों ने बताया कि कैसे, क्या और कितना पढ़ें

जयपुर में एकेडमिक हैड कुलदीप शेखावत, राजेश वैष्णव, रवि मौर्य, भूपेश चौधरी और जगदीप चौधरी तथा जोधपुर में अक्षय गौड, दिनेश चौधरी, अनिल सांखला, मोहम्मद आसिफ और गोपीराम चौधरी ने बतौर विशेषज्ञ सीजीएल परीक्षा के पैटर्न को ध्यान में रखते हुए विद्यार्थियों को सर्वप्रथम पाठ्यक्रम की प्रकृति और उद्देश्य को समझते हुए अपनी तैयारी की रूपरेखा बनाने एवं उस पर अमल करने पर जोर दिया। इस दौरान सीजीएल के पाठ्यक्रम में शामिल सभी विषयों के विशेषज्ञ अध्यापकों ने अपने अनुभव एवं ज्ञान के आधार पर किस विषय या टॉपिक में से कितना, कैसे और क्या पढना है, के अलावा यह भी बताया कि एग्जाम में किन प्रश्नों को प्राथमिकता देनी है और किस प्रश्न पर कितना समय देना चाहिए।

सेमिनार के दौरान वर्चुअल माध्यम से जुडे संस्था के संस्थापक डॉ. निर्मल गहलोत ने जानकारी दी कि एसएससी (सीजीएल) की तैयारी करने वाले अभ्यर्थियों के लिए संस्था के जयपुर व जोधपुर सेंटर पर नए ऑफलाइन बैच 28 सितंबर से शुरू किए जाएँगे, जहाँ सामान्य ज्ञान तथा कंप्यूटर विषय को केंद्र में रखते हुए विद्यार्थियों की तैयारी करवाई जाएगी। संस्था निदेशक ने इस दौरान विद्यार्थियों की परीक्षा व कोर्स संबंधी विभिन्न जिज्ञासाओं भरे प्रश्नों के जवाब देते हुए उनका समाधान किया।

# खाटू श्याम के रंग में रंगी अग्रसेन वाटिका



पाली शहर की अग्रसेन वाटिका में जयपुर से मंगाए रंग बिरंगे आकर्षक पुष्पों से खाटू श्याम की भव्य झांकी सजाई गई। फोटो-राष्ट्रदूत

**पाली**, (नि.सं.)। अग्रसेन जयंती समारोह के तहत अग्रसेन वाटिका में एक शाम खाटू श्याम के नाम भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर जयपुर से मंगाए रंग बिरंगे आकर्षक पुष्पों से खाटू श्याम की भव्य झांकी सजाई गई। श्याम परिवार की ओर से आकर्षक रंग बिरंगी रोशनी के बीच अग्रसेन वाटिका में रात्रि 9:00 बजे संध्या का आगाज हुआ। जिसमें कोलकाता से आये गायक राकेश शर्मा ने गणपति बंदना से कार्यक्रम की शुभारंभ किया। उसके बाद खाटू श्याम के दरबार में एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति दी। कीर्तन की है रात बाबा आज थाने आनो है मेरे सिर पर रख दो बाबा वैभव शर्मा ने भजनों की प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम का सफल बनाने में श्याम परिवार के साथ अग्रवाल मंडल के सभी सदस्यों का सहयोग रहा।

## मेहरानगढ़ में विशेष व्यवस्था

**जोधपुर**, (कासं)। आसोजी नवरात्र इस बार 26 सितंबर से शुरू हो जाएंगे। घर घर घट स्थापना के साथ नवरात्रा की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। जोधपुर शहर में स्थित माता के मन्दिरों को सजाया गया है। शहर में माता की प्रतिमा को लेकर भक्तों में भारी उत्साह छाया हुआ है।

मेहरानगढ फोर्ट में स्थित चामुण्डा मन्दिर में इस बार दर्शनों का समय सुबह सात से शाम पांच बजे तक ही रहेगा। पंडित घनश्याम त्रिवेदी ब्रह्म मुहुर्त में मां चामुण्डा, मां कालका, मां सरस्वती एवं बच्छराज की मूर्तियों को पवित्र जल से स्नान कराएंगे और लाल रंग की कोर तुर्रियाँ लगी पोषाक धारण करवाएंगे। प्रातकाल मंदिर के शिखर मुख्य ध्वजा चढ़ाई जाएगी ।चारों दिशाओं में छोटी-छोटी ध्वजाएं चढ़ाई जाएगी।

मेहरानगढ म्यूजियम ट्रस्ट के महाप्रबन्धक जगतसिंह राठौड़ के अनुसार नवरात्रा के समय प्रशासन के निर्देशानुसार मंदिर के द्वार प्रात: सात बजे से खोले जाएंगे इसलिए माताजी के दर्शन के लिए दर्शनार्थी प्रात: सात बजे से सायं पांच बजे तक मेहरानगढ में प्रवेश कर सकेंगे। उसके पश्चात प्रवेश निषेध व वर्जित रहेगा। सतवर्ती पाठ का संकल्प और स्थापना का मुहूर्त दोपहर 12.10 से 12.50 के बीच का निकला है। जोधपुर राजपरिवार की इष्ट देवी मां चामुण्डा की पूजा अर्चना करने के लिए पूर्व नरेश गजसिंह, हेमलता राज्ये उपस्थित रहेंगे।

चामुण्डा मंदिर के पास उपासनालय कक्ष में नौ वेदपाठी ब्राह्मण स्थापना से नवमी 26 सितम्बर से 04 अक्टूबर तक दुर्गापाठ का वाचन करेंगे। तीन अक्टूबर को अष्टमी की रात हवन प्रारंभ होगा, पूर्ण आहुति महानवमी चार अक्टूबर को दोपहर 12.10 से 12.40 बजे के बीच में गजसिंह एवं हेमलता राज्ये द्वारा की जाएगी।

# अणुव्रत मैदान पर मेला लगा



पाली शहर के अनुव्रत मैदान पर जैन स्नेह मिलन मेला व क्षमा याचना पर्व मनाया। फोटो-राष्ट्रदूत

**पाली**, (नि.सं.)। पाली शहर के अनुव्रत मैदान पर जैन युवा संगठन की ओर से रविवार को जैन स्नेह मिलन मेला व क्षमा याचना पर्व धूमधाम से मनाया गया।

इस वर्ष रजत जयंती वर्ष होने के कारण मेला भव्य रूप में आयोजित हुआ। जहां अनूव्रतनगर मैदान में विशाल डोम और टेंट लगाकर दर्जनों खाने पीने की स्टाले लगाई गई। समाज के लाभार्थी परिवार द्वारा मेले का बैंड बाजों के साथ उद्घाटन किया गया। मेले में बच्चों के लिए विभिन्न प्रकार के झूले विपिन प्रतियोगिता सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित हुए। यह मेला शाम 6:00 बजे तक चला। जिसमें जैन युवा संगठन, श्री संघ सभा के पदाधिकारी दिन पर जुटे रहे। गौतम कवाड, बाबूलाल सालेचा, विनय बम, अरविंद धारीवाल शरबत पगारिया, धनराज कठेड़, संपत तातेड़, कांतिलाल धोका, दिनेश जैन राकेश मेहता, रमेश मरलेचा, रमेश सांड, कल्पेश लोढा, राजेंद्र नाहर का सहयोग रहा।

## कचरा विरोधी अभियान चलाया

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर रेल मंडल पर 16 सितंबर से 2 अक्टूबर तक मनाया जा रहे स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत रविवार को कचरा विरोधी अभियान चलाया गया। उल्लेखनीय है कि भारतीय रेलवे द्वारा 16 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है।

जिसमें भारतीय रेल के विभिन्न स्टेशनों पर भित्र-भित्र प्रतिष्ठानों में स्वच्छता विषय पर सेमिनार आदि का प्रचार-प्रसार कर स्वच्छता के प्रति लोगों को जागृत किया जा रहा है।

मंडल रेल प्रबंधक सुश्री गीतिका पांडेय ने बताया कि मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर " कूड़ा करकट विरोधी अभियान " चलाया गया। जिसके अन्तर्गत रेलवे स्टेशन, रेलवे कोलोनी, कार्यालय परिसर एवं रेलवे ट्रैक को साफ सुथरा रखने मे सहयोग एवं इन परिसरों में कचरा ना फैलाने की अपील की गई। सभी यात्री इंटरफेस क्षेत्र में कचरा विरोधी नोटिस लगाये गये। टिकट चाकिंग, सी.टी.सी. एवं एच.टी.सी. द्वारा सी.सी.टी.वी. की निगरानी में प्रदूषण एवं धूम्रपान करने वाले दोषियो पर जुर्माना लगाया।